Regarding construction of an underpass/foot overbridge on railway line in urban area of Kishangarh in Ajmer Parliamentary Constituency-laid

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): मेरे संसदीय क्षेत्र अजमेर के किशनगढ़ शहरी क्षेत्र में स्थित रेलवे लाईन के उस पार मालियों की ढाणी, गांधीनगर, सांवतसर क्षेत्र के 19 वार्डों में लगभग 80000 से 90000 की आबादी निवासरत है। इस क्षेत्र के वाशिंदों को प्रतिदिन उक्त रेलवे लाईन को पारकर मदनगंज शहरी क्षेत्र एवं पॉवर लूम क्षेत्र एवं मार्बल एरिया में मजदूरी हेतु आवाजाही करनी पड़ती है। जिसके चलते रेलवे लाईन क्रॉस करते समय अधिकांशतः दुर्घटनाएं होती रहती है। इसके अतिरिक्त उक्त गांधी नगर क्षेत्र की आबादी वर्तमान में रेलवे पुल संख्या 293 जो कि पूर्व में एक गन्दा नाला था। उससे गत 40-50 वर्षो से आवाजाही कर रही थी लेकिन डीएफसी के अन्तर्गत रेल लाईन बिछ जाने से उक्त एकमात्र रास्ता भी बन्द हो गया है। जिससे अब आमजन में काफी रोष व्याप्त है। अतः किशनगढ स्थित उक्त रेलवे पुल संख्या 293 पर नवीन ब्लॉक डालकर एक अण्डरपास अथवा पुराने बस स्टैण्ड के पीछे राम मन्दिर वाली गली से मालियों की ढाणी को जोड़ने वाली गली में रेलवे लाईन पर एक नवीन फुट ओवर पाथ का निर्माण कराकर आमजन को सुगम आवाजाही का मार्ग उपलब्ध कराने हेतु अविलम्ब दिल्ली एवं जयपुर स्थित विभागीय रेल्वे उच्चाधिकारियों एवं डीएफसीसी अधिकारियों को निर्देशित कराकर, सक्षम स्वीकृति जारी करवाई जाए।